राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
NATIONAL INSTITUTE OF OPEN SCHOOLING
आईएसओ 9001 : 2008 प्रमाणित/ISO 9001 : 2008 Certified
(स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था)
(An Autonomous Institution Under Deptt. of SE&L, Ministry of Education (MoE), Govt. of India)

विद्याधनम् सर्वधनं प्रधानम्

फा.4-4/2022/एनआईओएस/मूल्यांकन/परि.प्र दिनांक- 29-11-2022

अधिसूचना : 21/2022

एनआईओएस की माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रमों की आगामी सार्वजनिक परीक्षा अप्रैल-मई 2023 के दौरान आयोजित की जाएगी। अप्रैल-मई 2023 के दौरान आयोजित होने वाली माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विषयों की परीक्षा के लिए पंजीकरण और परीक्षा शुल्क के भुगतान की तिथियां निम्नानुसार हैं:

1.	**1 दिसम्बर, 2022 से 10 जनवरी 2023** (विलंब शुल्क के बिना)	अप्रैल 2023 परीक्षा के लिए स्ट्रीम-1, ब्लॉक-1 में नामांकित शिक्षार्थियों और पिछली परीक्षाओं के अनुत्तीर्ण पात्र शिक्षार्थियों के लिए
2.	**26 दिसम्बर, 2022 से 10 जनवरी, 2023** (विलंब शुल्क के बिना)	अक्तूबर-नवम्बर 2022 परीक्षा के लिए पंजीकृत/परीक्षा में बैठे शिक्षार्थियों के लिए
3.	**11 जनवरी, 2023 से 17 जनवरी, 2023** (विलंब शुल्क सहित)	सभी पात्र शिक्षार्थियों के लिए रूपये 100/- प्रति विषय विलंब शुल्क के साथ
4.	**18th जनवरी, 2023 से 25th जनवरी, 2023** (समेकित विलंब शुल्क सहित)	सभी पात्र शिक्षार्थियों के लिए रूपये 1500/- प्रति शिक्षार्थी समेकित विलंब शुल्क के साथ

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम के शिक्षार्थियों को उत्तीर्ण प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के वर्ष से दो वर्ष का अंतराल अनिवार्यतः सुनिश्चित करना चाहिए। यदि शिक्षार्थी के दो वर्ष का अपेक्षित अंतराल नहीं है, तो वह अप्रैल-मई की आगामी परीक्षा के लिए अधिकतम चार विषयों (उत्तीर्ण किए गए विषयों सहित) में ही पंजीकरण करा सकता/सकती है। अतः शिक्षार्थीयों से अनुरोध है कि वे परीक्षाओं में शामिल होने के लिए तदनुसार विषय का चयन करें। अपेक्षित परीक्षा शुल्क का भुगतान एनआईओएस की वेबसाइट: sdmis.nios.ac.in पर केवल ऑनलाइन माध्यम से किया जा सकता है।

सभी क्षेत्रीय निदेशक अनुपालन हेतु इसका संज्ञान ले और सभी संबंधितों को निर्धारित समय के भीतर परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए सूचित करने का भी निर्देश दिया जाता है। क्षेत्रीय निदेशकों से यह अधिसूचना क्षेत्रीय केंद्र की वेबसाइट पर अपलोड करने तथा स्थानीय समाचार पत्रों में प्रेस विज्ञप्ति भी जारी करने का अनुरोध किया जाता है।

ममता श्रीवास्तव

(डॉ. ममता श्रीवास्तव)
निदेशक (मूल्यांकन) प्रभारी

वितरण:

1. सभी विभागाध्यक्ष, एनआईओएस
2. अध्यक्ष (अध्यक्ष कार्यालय) की सूचनार्थ उनकी निजी सहायक
3. एसए पी को यह अधिसूचना एनआईओएस की वेबसाइट पर अपलोड करने तथा/उपर्युक्त सूची के अनुसार ऑनलाइन माध्यम से शुल्क प्राप्त करने हेतु आवश्यक प्रबंध करने के लिए
4. क्षेत्रीय निदेशक, एनआईओएस
5. उप निदेशक (मूल्यांकन) I & II, एनआईओएस
6. इलेक्ट्रॉनिक, मुद्रण एवं मीडिया जन संपर्क अधिकारी
7. सूचना बोर्ड और गार्ड फाइल

ए-24-25, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सैक्टर-62, नोएडा-201309 (उ.प्र.) दूरभाष : 0120-4089800 • फैक्स : 0120-2403172
A-24-25, Institutional Area, Sector-62, NOIDA-201309 (U.P.) • Phone : 0120-4089800 • Fax : 0120-2403172 • Website : www.nios.ac.in